**Sl.No. :**

**नामांक** **Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# SS–01–Hindi (C) (D & D)

**No. of Questions – 33**

**No. of Printed Pages – 7**

## उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2024

## हिन्दी (अनिवार्य)

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न – पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ, ब, स, द, य भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## 'खण्ड – अ'

दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखिए – [10]

1) 'हरिवंश राय बच्चन' की आत्मकथा निम्नलिखित में से कौनसी है? [1]

(अ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ
(ब) हैमलेट
(स) मैकवैथ
(द) मधुशाला

2) 'पतंग' कविता किस कवि ने लिखी है? [1]

(अ) आलोकधन्वा
(ब) राम चन्द्र शुक्ल
(स) केदारनाथ अग्रवाल
(द) मृदुला गर्ग

3) 'कविता के बहाने' किस काव्य संग्रह से ली गई कविता है? [1]

(अ) इन दिनों
(ब) चक्रव्यूह
(स) कोई दूसरा नहीं
(द) हम तुम

4) शमशेर बहादूर सिंह की पहचान किस रूप में है? [1]

(अ) बिम्बधर्मी कवि रूप में
(ब) रूढ़ीवादी कवि
(स) रोमानी कवि
(द) सुकुमार कवि

5) रामभक्ति पर आधारित तुलसीदास की सर्वश्रेष्ठ रचना कौनसी है? [1]

(अ) रामचरितमानस
(ब) कृष्ण गीतावली
(स) श्रीमद् भगवतगीता
(द) दोहावली

6) महादेवी वर्मा को ज्ञान पीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला? [1]

(अ) यामा
(ब) रश्मि
(स) नीरजा
(द) नीहार

7) लेखक के अनुसार भगतजी क्या बेचते थे? [1]

(अ) मिठाई
(ब) चूरन
(स) नमकीन
(द) दवाईयाँ

8) धर्मवीर भारती का उपन्यास निम्न में से कौनसा है? [1]

(अ) ग्राम देवता (ब) मैला आँचल

(स) गुनाहों का देवता (द) इनमें से कोई नहीं

9) लुट्टन पहलवान का पालन पोषण किसने किया? [1]

(अ) माँ द्वारा (ब) सास द्वारा

(स) चाची द्वारा (द) दादी द्वारा

10) लेखक ने शिरीष के पेड़ को किसकी संज्ञा दी है? [1]

(अ) अवधूत की (ब) हज़रत की

(स) सपासप की (द) पुन्नाग की

दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में अपनी कॉपी में लिखो। (प्र.सं. 11 से 20 प्रत्येक प्रश्न 1 अंक) [10]

11) लेखक ने 'चाँद के टुकड़े' उपमान का प्रयोग किसके लिए किया हैं? [1]

12) कवि उमाशंकर जोशी का संबंध किस साहित्य से है? [1]

13) हजारी प्रसाद द्विवेदी को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना के लिए मिला? [1]

14) भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण क्या है? [1]

15) सिल्वर वेडिंग कहानी का मुख्य चरित्र किसको बताया है? [1]

16) 'जूझ' कहानी किस प्रकार की रचना है? [1]

17) मुहनजो-दड़ो सभ्यता के लोगों के जीवन यापन का क्या तरीका था? [1]

18) लेखक के अनुसार मोहनजो-दड़ों सभ्यता में पत्थर व ताँबा किस राज्य से प्राप्त होता था? [1]

19) 'जूझ' पाठ आगे आनंद की कक्षा के मॉनीटर का नाम बताइए। [1]

20) 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर बाबू के आदर्श कौन थे? [1]

## 'खण्ड – ब'

**21)** दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़ो तथा दिये गये प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो । **[8]**

जिस देश के नागरिकों में देशहित एवं राष्ट्र कल्याण की भावना रहती है, वह देश उन्नतिशील होता है । देश प्रेम के पूर्ण–भाव से मण्डित व्यक्ति देशवासियों की हित–साधना में, देशोद्धार में तथा राष्ट्रीय प्रगति में अपना जीवन तक न्योछावर कर देता है । हम अपने देश के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो इस देश – भक्तों की लम्बी परम्परा मिलती है । जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण करके स्वदेश–प्रेम का अद्‌भुत परिचय दिया है ।

अ) अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **[2]**

ब) देश–प्रेम शब्द में निहित समास का नाम लिखो । **[2]**

स) लेखक अनुसार कौनसा देश उन्नतिशील होता है? **[2]**

द) अपने देश के देश भक्तों ने किसका परिचय दिया है? **[2]**

**22)** दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़ो तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो । **[8]**

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे
गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ
अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा ।
अरूण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से मुड़कर सिहरते रहे तुम,
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ ।

अ) गहरी नींद से कौन जगाने आ रहा है? **[2]**

ब) 'आकाश' शब्द के दो पर्याय वाची शब्द लिखिए । **[2]**

स) कवि ने किससे सिहरकर मुड़ने की बात कही है । **[2]**

द) कवि क्या गाकर जगाने आ रहा है? **[2]**

## 'खण्ड – स'

**23)** पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **[4]**

उछलते–कुदते, एक दूसरे को धकियाते ये लोग में किसी दुमहले मकान के सामने रूक जाते, ''पानी दे मैया इंदर सेना आई है'' । जिन घरों में आखिर जेठ या शुरू आषाढ के उन सूखे दिनों में पानी की कमी भी होती थी, जिन घरों में कुएँ भी सूखे होते थे, उन घरों से भी सहेजकर रखे हुए पानी में से बाल्टी या घड़े भर–भर कर इन बच्चों को सर से पैर तक तर कर दिया जाता था । ये भीगे बदन मिट्‌टी में लोटलगाते थे, पानी फेंकने से पैदा हुए कीचड़ में लथपथ हो जाते थे ।

अ) किसी दुमहले मकान के सामने कौन रूक जाते थे? **[1]**

ब) किन–किन महीनों में पानी माँगा जाता था? **[1]**

स) इंदर सेना किसकी जय बोलती थी । **[1]**

द) इंदर सेना पर कैसा पानी डाला जाता था? **[1]**

**24)** पठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **[4]**

दीवाली की शाम घर पुते और सजे
चीनी के खिलौने जगमगाते लावे
वो रूपवती मुखड़े पै इक नर्म दमक
बच्चें के घरौंदे में जलाती है दिए
आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हुई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है माँ
देख आईने में चाँद उतर आया है

अ) दीवाली के दिन घर की साज–सज्जा कैसी होती है? **[1]**

ब) दीवाली के दिन माता बच्चों को क्या लाकर देती है? **[1]**

स) दिए जलाते समय बच्चे के लिए माता के चेहरे पर कैसा भाव आता है? **[1]**

द) दीवाली के उत्सव को आँखों के सामने साकार कौन कर देता है? **[1]**

## 'खण्ड – द'

25) दिए गए पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखो – [2]

(अ) Duty (ब) Grant

(स) Nation (द) Senior

26) दिए गए कवि/लेखक का परिचय लिखो। (कोई एक) [3]

अ) हरिवंशराय बच्चन

ब) महादेवी वर्मा

स) जैनेन्द्र कुमार

27) अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय के खेल मैदान विकसित करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। [5]

अथवा

मित्र का परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पर चयन होने पर बधाई पत्र लिखिए।

28) दिए गए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखो। [5]

अ) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान

ब) कम्प्यूटर का महत्त्व

स) आतंकवाद–एक चुनौती

द) जल संरक्षण

29) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर प्रतिवेदन लिखो। [4]

अ) वार्षिकोत्सव

ब) गणतंत्र दिवस

स) वृक्षारोपण

## 'खण्ड – य'

30) कवितावली में उद्धृत छन्दों के आधार पर स्पष्ट करें कि तुलसीदास को अपने युग की आर्थिक विषमता की अच्छी समझ है । [4]

अथवा

बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले किन–किन परिवर्तनों को कविता रेखांकित करती है?

31) इंदर सेना सबसे पहले 'गंगा मैया की जय' क्यों बोलती है? नदियों का भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में क्या महत्त्व है? [4]

अथवा

'भ्रातृत्व' के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ।

32) 'जूझ' कथा के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । [4]

अथवा

मुअनजो–दड़ो शहर में स्थित अजायघर में रखे गये पुरातत्व के अवशेष कौन–कौन से हैं?

33) पहलवान की ढोलक कहानी के संदेश को स्पष्ट कीजिए । [5]

अथवा

कविता और बच्चे को समानान्तर रखने के क्या–क्या कारण हो सकते हैं, स्पष्ट करो ।

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE